भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

लाह की खेती द्वारा रोजगार सृजन विषय पर ग्राम उकड़ीमारी, तोरपा, (खूंटी) में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रतिवेदन

दिनांक
09.02.2023

भा वा अ शि प – वन उत्पादकता संस्थान, राँची के निदेशक डॉ. योगेश्वर मिश्रा के त्वरित पहल एवं विस्तार प्रभागाध्यक्ष श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की (भा.व.से.) के मार्गदर्शन में दिनांक 09 फरवरी, 2023 को श्री बी. डी. पण्डित, तकनीकी अधिकारी एवं श्री करम सिंह मुण्डा, तकनीकी सहायक के एक दल द्वारा उकड़ीमारी, तोरपा, (खूँटी) में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम स्वावलंबन योजना के प्रधान मेंटोर श्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत **लाह की खेती द्वारा रोजगार सृजन** विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो टोलियों में बँटकर लगभग 40-50 किसानों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

श्री सुनील कुमार ने कार्यक्रम का परिचय दिया एवं लाह की कटाई के सत्र में लाह पर प्रशिक्षण को एक संयोग बताया और किसानों को इसका भरपूर लाभ लेने का आग्रह किया।

श्री करम सिंह मुण्डा ने आजादी का अमृत महोत्सव की विवेचना करते हुए प्रधान मंत्री की इस महत्वाकांक्षा को विस्तार से समझाया। उन्होंने आज़ादी का अमृत महोत्सव को रोजगार सृजन से जोड़कर चलाए जा रहे इस कार्यक्रम के उद्येश्य को भी बताया। लाह की खेती के फायदे एवं लाह खेती करने की विधि बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस कार्य से जुड़ने का आह्वान किया।

श्री बी. डी. पण्डित, तकनीकी अधिकारी ने लाह की खेती में होने वाली परेशानियाँ और उसके समाधान हेतु विभिन्न उपायों का वर्णन किया। किसानों को लाह के दुश्मन कीट काली तितली एवं सफेद तितली की पहचान कराई गई। श्री पण्डित ने दवाई के छिड़काव के विषय में जानकारी देते हुए लाह लगाने हेतु अधिक से अधिक मेशनेट के उपयोग का आग्रह किया । उन्होंने कृषक श्री मथुरा टोपनो एवं श्री बिरसा लोहरा के सवालों का कटे हुए लाह बीजों के प्रदर्शन के साथ विस्तार से जवाब दिया। श्री बुधन पाहन के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि आवश्यकता से अधिक लाह बीज डालने पर भी लाह की फसल का नुकसान होता है।

प्रेरक दीदी श्रीमती देववंती ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं संस्थान से कुसुम तथा बेर के पौधे उपलब्ध कराए जाने की माँग की।

आयोजित कार्यक्रम सम्मलेन की झलकियां